संचालनालय, "प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण"
प्रथम तल, ब्लाक–II, कक्ष क्रमांक–II/I/16
इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर, छत्तीसगढ़
Email id : rd.pmaycg@gmail.com Phone No. 0771-2510199

प्रधान मंत्री
आवास योजना–ग्रामीण
Pradhan Mantri Awaas Yojana-Gramin

/ / विज्ञापन / /

प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के लिए राज्य कार्यालय में रिक्त निम्नांकित संविदा पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते है। पदो का विवरण निम्नानुसार हैः–

क्र.	पदनाम	पद की संख्या	संविदा वेतन	योग्यता	मेरिट हेतु अंक का निर्धारण	
1	शीघ्रलेखक (सामान्य श्रेणी)	01	20,900/–	1. मान्यता प्राप्त मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण। अथवा पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उर्त्तीण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उर्त्तीर्ण 2 किसी मान्यता प्राप्त मंडल/संस्था/ शीघ्रलेखन (शार्टहैण्ड) मुद्रलेखन परिषद सेः– शीघ्रलेखन (हिन्दी) के लिये हिन्दी शीघ्रलेखन (शार्टहैण्ड) प्रमाणपत्र परीक्षा उत्तीर्ण एवं शीघ्रलेखन (शार्टहैण्ड) में 100 शब्द प्रति मिनट की गति (गति के लिए कौशल परीक्षा ली जायेगी) 3 किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/ प्रमाण पत्र तथा डाटा एन्ट्री की 10,000 की (Key) डिप्रेशन प्रति घंटे की गति (गति के लिए कौशल परीक्षा ली जायेगी	हायर सेकेन्ड्री में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंको का Weightage देते हुए	50
					कम्प्यूटर कौशल परीक्षा में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंको का Weightage देते हुए	50
2	डाटा एन्ट्री ऑपरेटर (अन्य पिछड़ा वर्ग)	01	18,420/–	मान्यता प्राप्त संस्था से कक्षा 12वीं (10+2) परीक्षा उर्त्तीण। अथवा पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उर्त्तीण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उर्त्तीण अथवा 10वीं परीक्षा उत्तीर्ण एवं किसी मान्यता प्राप्त संस्था से त्रिवर्षीय डिप्लोमा। किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/ प्रमाण पत्र तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी में डाटा एन्ट्री की 8000 की (Key) डिप्रेशन प्रति घंटे की गति (गति के लिए कौशल परीक्षा ली जायेगी)	हायर सेकेन्ड्री में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंको का Weightage देते हुए	50
					कम्प्यूटर कौशल परीक्षा में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंको का Weightage देते हुए	50

नियम एवं शर्तेः–

1. निर्धारित प्रारुप में आवेदन पत्र बंद लिफाफे में, पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से संचालक, **प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण**, नवा रायपुर अटल नगर, छत्तीसगढ़ के नाम से **दिनांक 23/10/2019 तक** कार्यालयीन समय 05:00 बजे तक प्राप्त किये जावेंगे। व्यक्तिगत रुप से सीधे आवेदन स्वीकार नही किये जावेंगे। निर्धारित समय–सीमा के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नही किया जावेगा।
2. लिफाफे के उपर आवेदित पद का नाम का स्पष्ट उल्लेख किया जावें, अन्यथा आवेदन निरस्त किया जावेगा। एक से अधिक पद हेतु आवेदन करने की स्थिति में प्रत्येक पद हेतु पृथक–पृथक आवेदन करना अनिवार्य होगा
3. पत्राचार हेतु एक खाली लिफाफा में 05 रू. का डाक टिकट सहित स्वयं का पता लिखा हुआ आवेदन के साथ संलग्न करना होगा।
4. आयु न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आयु सीमा में छूट के संबंध में समय–समय पर जारी निर्देश के अनुरुप छूट की पात्रता होगी। आयु की गणना 01 जनवरी 2019 के आधार पर की जावेगी।
5. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र ही मान्य किया जावेगा। स्थायी जाति प्रमाण पत्र एवं उसके संबंध में शपथ पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. आवेदक को छ.ग. राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है। सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र की स्व–प्रमाणित प्रति संलग्न किया जाना होगा।
7. आवेदन में आवेदक का फोटो एवं समस्त प्रमाण–पत्र तथा अंकसूची स्वप्रमाणित सत्यापित होना आवश्यक है, स्वप्रमाणित न होने की स्थिति में आवेदन पत्र निरस्त माना जावेगा।
8. संविदा नियुक्ति अवधि अधिकतम तीन वर्ष के लिये होगी। संविदा नियुक्ति आदेश एक वर्ष के लिये जारी किया जावेगा, आवश्यकता होने पर कार्य योग्यता, कार्यक्षमता एवं व्यवहार के आधार पर शासन के निर्देशानुसार दोनों पक्षों की सहमति से कार्य अवधि एक वर्ष के लिये निरंतर रखे जाने पर विचार किया जा सकता है।
9. यह नियुक्ति सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रं. एफ. 9–1/2012/1–3 दिनांक 31/12/2012 के अनुसार संविदा नियुक्ति के संबंध में समस्त शर्ते लागू होगी।
10. संविदा अवधि में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के तहत अवकाश की पात्रता होगी।
11. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 से शासित होंगे।
12. संविदा अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।
13. सेवा समाप्ति पश्चात संविदा अधिकारी/कर्मचारी के रुप में दी गयी सेवा अवधि हेतु किसी प्रकार की पेंशन, उपादन या मृत्यु–लाभ आदि की पात्रता नहीं होगी।

14. कार्यालय मे प्राप्त कुल आवेदन पत्रों का मैरिट आधार पर सूची बद्ध किया जायेगा और मेरिट के आधार पर उनको कौशल परीक्षा के लिये बुलाया जायेगा तद्उपरांत कौशल परीक्षा में प्राप्त अंको को जोड़ते हुए अंतिम चयन सूची तैयार किया जावेगा।
15. आवेदन करने के समय अनुभव प्रमाण पत्र जारी करने वाले संस्थान का नाम पूर्ण पता व अनुभव हेतु जारी कार्यालय आदेश क्रमांक, दिनांक एवं जारीकर्ता अधिकारी का नाम एवं पदनाम, सम्पर्क हेतु सम्बंधित का दूरभाष नम्बर तथा ईमेल की जानकारी अनिवार्य रूप से दिया जावे अन्यथा इसके अभाव में आवेदक द्वारा दिये गये अनुभव को मान्य न करते हुए अपात्र की श्रेणी में रखा जायेगा– जिसके लिये आवेदक स्वयं ही जिम्मेदार होगा।
16. सर्वोच्च अंक अर्जित करने वाले आवेदक को नियुक्ति दिया जावेगा। 10 आवेदक को प्रतीक्षा सूची में रखा जावेंगा एवं भविष्य में पद रिक्त होता है तो उसे प्रतीक्षा सूची से भरा जावेगा।
17. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओं में कार्यरत आवेदक को अपना आवेदन पत्र उचित माध्यम से अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित, प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।
18. अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा एवं पृथक से किसी भी प्रकार की सूचना नही दी जावेगी।
19. आवेदक, जिसने विवाह के लिये निर्धारित न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हों, नियुक्ति हेतु पात्र नही होगा।
20. उम्मीदवार जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो जिसकी पहले से ही एक पति/पत्नी जीवित हो, पात्र नही होगा। ऐसे मामले में शासन ही अन्यथा निर्णय ले सकता है अर्थात् यदि शासन को इस बात की समाधान हो जाये कि ऐसा करने का पर्याप्त कारण है तो वह इस प्रतिबंध से छूट दे सकता है।
21. आवेदन पत्र का विस्तृत प्रारुप में **प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण**, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर में कार्यालयीन समय एवं दिवस पर देखी जा सकती है तथा **प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण** की वेबसाईट **http://cgstate.gov.in** तथा **http://prd.cg.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है।
22. नियुक्ति के संबंध मे संचालक, प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण का निर्णय अंतिम एवं बन्धनकारी होगा।

(जितेन्द्र शुक्ला)
संचालक
प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण
इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर

शीघ्रलेखक/डाटा एन्ट्री आपरेटर के पद हेतु आवेदन पत्र का प्रारुप

प्रति,

संचालक
प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण
प्रथम तल, ब्लाक–II, कक्ष क्रमांक– II/I/16
इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर
अटल नगर, छत्तीसगढ़

स्वप्रमाणित फोटो

1. आवेदित पद का नाम :– .....
2. आवेदक का पूरा नाम (अ) हिन्दी में : .....
   (ब) अंग्रेजी में: .....
3. पिता/पति का नामः– .....
4. लिंग (महिला/पुरुष) :.....
5. जन्म तिथि (अ) अंको में : .....
   (ब) शब्दो में : .....
   (स) दिनांक 01.01.2019 को आयु वर्ष:.....माह.....दिन.....
6. वर्ग (सामान्य/अ.जा./अ.ज.जा./अपिव/निःशक्तजन).....
7. पत्र व्यवहार का वर्तमान पता (हिन्दी में):.....
   : .....
   :.....
8. स्थायी पता (हिन्दी में) :.....
   :.....
   :.....
   :.....
9. मोबाईल नंबर :.....
10. ई–मेल आईडी (यदि कोई हो) :.....
11. शैक्षणिक योग्यता का विवरण निम्नानुसार :–

क्रं.	उत्तीर्ण परीक्षा का नाम	बोर्ड/वि.वि का नाम	उत्तीर्ण करने का वर्ष	प्राप्तांक	पूर्णांक	प्राप्तांको का प्रतिशत	श्रेणी

12. अनुभव का विवरण निम्नानुसारः—.....
.....

13. वैवाहिक स्थितिः—

क. विवाहित/अविवाहित :.....

ख. विवाहित होने पर निम्न जानकारी भरी जावें :.....

विवाह का दिनांकः.....

ग. परिवार के संतान का विवरणः— 1. .....

2. .....

14. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूचीः—

1. .....
2. .....
3. .....
4. .....
5. .....
6. .....
7. .....

.....

आवेदक का नाम एवं हस्ताक्षर

घोषणा पत्र

मै एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त समस्त जानकारियां पूर्ण एवं सत्य है, तथा किसी भी स्तर पर असत्य पाये जाने पर मेरी सेवाएं समाप्त कर मेरे विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने का पूर्ण अधिकार होगा।

दिनांकः.....

स्थानः.....

.....

आवेदक का नाम एवं हस्ताक्षर